**बिहार सरकार**

**विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

**पत्रांक – वि० प्रा० (II) विविध–07/2025/** 5292 **/पटना, दिनांक–** 25/9/25

प्रेषक,

**संयुक्त सचिव,**
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य,**
सुपौल अभियंत्रण महाविद्यालय, सुपौल/राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बांका/ /सहरसा अभियंत्रण महाविद्यालय, सहरसा/पूर्णियाँ अभियंत्रण महाविद्यालय, पूर्णियाँ।

**विषय –** पीएच०डी० हेतु विभागीय अनापत्ति प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि निम्नलिखित सूची के स्तम्भ–2 में अंकित सहायक प्राध्यापक को स्तम्भ–4 में उल्लिखित प्रयोजन हेतु निम्न शर्त के साथ विभागीय अनापत्ति प्रदान की जाती है :–

| **क्र०सं०** | **सहायक प्राध्यापक का नाम/पदनाम** | **पदस्थापित संस्थान का नाम** | **NOC का प्रयोजन** |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| 1. | श्रीमती पम्मी कुमारी, सहायक प्राध्यापक (यांत्रिकी) | सुपौल अभियंत्रण महाविद्यालय, सुपौल। | IIT, Roorkee से चल रहे अंशकालीन पीएच०डी० कोर्स को जारी रखने हेतु। |
| 2. | श्रीमती प्रज्ञा प्रकाश, सहायक प्राध्यापक (यांत्रिकी) | राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बांका। | IIIT, Bhagalpur में अंशकालीन पीएच०डी० कोर्स में नामांकन हेतु। |
| 3. | श्री श्रेयांश शेखर, सहायक प्राध्यापक (यांत्रिकी) | सहरसा अभियंत्रण महाविद्यालय, सहरसा। | IIIT, Bhagalpur में अंशकालीन पीएच०डी० कोर्स में नामांकन हेतु। |
| 4. | श्री रौनक, सहायक प्राध्यापक (असैनिक) | सहरसा अभियंत्रण महाविद्यालय, सहरसा। | NIT, Patna में अंशकालीन पीएच०डी० कोर्स में नामांकन हेतु। |
| 5. | श्री दिलचन्द कुमार, सहायक प्राध्यापक (यांत्रिकी) | सहरसा अभियंत्रण महाविद्यालय, सहरसा। | NIT, Patna में अंशकालीन पीएच०डी० कोर्स में नामांकन हेतु। |
| 6. | श्री कुन्दन कुमार, सहायक प्राध्यापक (यांत्रिकी) | सहरसा अभियंत्रण महाविद्यालय, सहरसा। | NIT, Patna में अंशकालीन पीएच०डी० कोर्स में नामांकन हेतु। |
| 7. | मो० अमजद अली, सहायक प्राध्यापक (असैनिक) | पूर्णियाँ अभियंत्रण महाविद्यालय, पूर्णियाँ। | BEU, Patna में अंशकालीन पीएच०डी० कोर्स में नामांकन हेतु। |
| 8. | श्रीमती खुशबू आनंद, सहायक प्राध्यापक (यांत्रिकी) | पूर्णियाँ अभियंत्रण महाविद्यालय, पूर्णियाँ। | BEU, Patna में अंशकालीन पीएच०डी० कोर्स में नामांकन हेतु। |
| 9. | श्री तपन कुमार, सहायक प्राध्यापक (CSE) | पूर्णियाँ अभियंत्रण महाविद्यालय, पूर्णियाँ। | गुरू गोबिंद सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली से चल रहे अंशकालीन पीएच०डी० कोर्स को जारी रखने हेतु। |
| 10. | श्री अनुप कुमार झा, सहायक प्राध्यापक (ECE) | पूर्णियाँ अभियंत्रण महाविद्यालय, पूर्णियाँ। | IIIT, Bhagalpur में अंशकालीन पीएच०डी० कोर्स में नामांकन हेतु। |

(i.) पीएच०डी० के कार्यों का निष्पादन संस्थानीय अवकाश के दिनों में हीं करेंगे। अवकाश के दिनों में भी इन शिक्षकों की आवश्यकता संस्थान में होती है तो इसकी अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। प्राचार्य इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे, यदि इनका उल्लंघन किया जाता है तो संबंधित शिक्षकों के विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा प्राचार्य द्वारा की जायेगी।

(ii.) संबंधित शिक्षकों के द्वारा किये जा रहे पठन–पाठन का कार्य एवं अन्य आवंटित दायित्व बाधित नहीं होना चाहिए।

(iii.) सरकार द्वारा इस हेतु किसी प्रकार के वित्तीय भार का वहन नहीं किया जायेगा।

(iv.) अवकाश अवधि का यह तात्पर्य नहीं है कि रविवार को संस्थानीय अवकाश मानते हुए शनिवार और सोमवार को अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहेंगे।

(v.) पीएच०डी० पूरा करने के उपरांत 05 (पॉच) वर्ष तक विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना की सेवा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा बीच में सेवा छोड़ने पर 20 (बीस) लाख रूपये सरकारी कोष में जमा करना अनिवार्य होगा।

(vi.) पार्ट टाईम/फुल टाईम पीएच० डी० करने की अवधि में विशेष परिस्थिति को छोड़ कर अन्य अवकाश एवं शिशु देखभाल अवकाश का उपभोग नहीं किया जाएगा।

**विश्वासभाजन**

**संयुक्त सचिव,**
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार पटना।

नीरज / 22.09.2025 / D:\DST_2025\joint secretary S-Sidharth